राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर अंशदान किया

जयपुर, 7 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर बुधवार को राजभवन में सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर (से.नि.) श्री वीरेन्द्र सिंह राठौड़ ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल श्री मिश्र को झण्डा लगाया। इस दौरान राज्यपाल ने सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं परिजनों की सहायतार्थ अपनी ओर से अंशदान किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने सभी नागरिकों से अपील की है कि सशस्त्र सेना झण्डा कोष में यथा संभव योगदान करें। उनहोंने इस अवसर पर देश के बहादुर जवानों और उनके परिजनों का आभार प्रकट किया और शहीदों को नमन भी किया।

-----